2024HND105183

राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

वार्षिक परीक्षा सत्र - 2023-24

विषय - हिंदी (प्रथम भाषा)

कक्षा - 5

परीक्षा अवधि - 2.30 घण्टे

पूर्णांक - 60

बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न 1 - 5)

निर्देश - प्रत्येक प्रश्न के 4 विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

2024HND105183

प्रश्न - 1 पुष्प वनमाली से क्या कह रहा है 1

(A) देवों के सिर चढ़ना (B) सुरबाला के गहनों में गुँथना

(C) वीरों के पथ पर फेंकना (D) सम्राट के सिर पर चढ़ाना

प्रश्न - 2 'उपवास' का समानार्थी शब्द है 1

(A) त्याग (B) व्रत (C) तपस्या (D) परिश्रम

प्रश्न - 3 उज्जैन किस नदी पर स्थित है? 1

(A) गंगा नदी (B) सिंधु नदी (C) यमुना नदी (D) क्षिप्रा नदी

प्रश्न - 4 'तीव्र' का विलोम शब्द क्या होगा? 1

(A) तीखा (B) नीः (C) मंद (D) तेज

प्रश्न - 5 एक: हंस:। हंस: .............. 1

(A) श्वेत वर्ण: (B) श्याम वर्ण : (C) पीत वर्ण: (D) रक्त वर्ण:

2024HND105183

रिक्त स्थान (प्रश्न 6 - 10)

निर्देश - नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न - 6 उ॰ सिंह के बिस्तर पर ........................ सोया था। 1

प्रश्न - 7 नित्य व्यायाम करने से शरीर ........................ रहता है। 1

प्रश्न - 8 उज्जैन में लगने वाले कुम्भ मेले को ........................ कहते हैं। 1

प्रश्न - 9 उज्जैन में ........................ का प्रसिद्ध मंदिर है। 1

प्रश्न - 10 'पराजय' शब्द में 'परा' ........................ है। 1

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 11 - 16)

निर्देश - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न - 11 पर्यावरण सुधार के लिए डॉ. अब्दुल कलाम ने क्या कहा ? 2

प्रश्न - 12 मुनि अगस्त्य की पत्नी का नाम क्या था ? 2

2024HND105183

प्रश्न - 13 पुंडलीक किसकी सेवा कर रहा था ? 2

प्रश्न - 14 सूर्य के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 2

प्रश्न - 15 योजक चिन्ह का प्रयोग क्यों किया जाता है ? 2

प्रश्न - 16 [illegible] ?

**लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 17 - 22)**

**निर्देश - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।**

प्रश्न - 17 डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म कब और कहां हुआ था ? 3

प्रश्न - 18 महिलाओं की सभा में अम्बेडकर जी ने क्या कहा ? 3

प्रश्न - 19 पचमढ़ी किस लिए प्रसिद्ध है ? 3

प्रश्न - 20 विष दिए जाने वाले दिन सुकरात ने अपने शिष्यों को क्या शिक्षा दी ? 3

प्रश्न - 21 अपने मामा जी की शादी में सम्मिलित होने के लिए इंदौर जाने हेतु प्रधान अध्यापक महोदय को पांच दिवसीय अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। 3

प्रश्न - 22 'परि ' और 'अन 'उपसर्ग लगाकर दो- दो शब्द बनाइये। 3

2024HND105183

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 23 - 26)**

**निर्देश - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।**

प्रश्न - 23 "मुझे तोड़ लेना वनमाली उस पथ पर तुम देना फेंक मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जाएं वीर अनेक।" 5

1. उपर्युक्त पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं।
2. इस कविता के कवि का नाम लिखिए ?
3. इन पंक्तियों का भावार्थ लिखिए।

2024HND105183

प्रश्न - 24 सुविकसित भारत का सपना साकार करने के लिए डॉ. अब्दुल कलाम ने बच्चों से कौन कौन सी अपेक्षाएं की हैं? 5

प्रश्न - 25 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

अगर इस धरती पर पेड़ न होते, तो हम भी न होते। पेड़ पौधों से ही हमें भोजन यानि फल, फूल, अन्न आदि मिलता है। कई पेड़ों की जड़, छाल और पत्तियों से दवाइयां बनती हैं। पेड़ों से कपास, चाय, कॉफी, लकड़ी, और रबड़ मिलती है। पेड़ों के कारण हमें शुद्ध हवा मिलती है। पेड़ों के ही कारण समय पर पानी बरसता है। पेड़ों से रंग रोगन और फूलों से इत्र भी बनाए जाते हैं। गर्मी में पेड़ों की छाया सुख देने वाली होती है। अतः ये हमारे मित्र हैं और इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

(1) इत्र बनाने के लिए पेड़ के किस भाग का प्रयोग करते हैं ?

(2) पेड़ पौधे से हमें क्या-क्या मिलता है?

(3) पेड़ों के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है?

(4) पेड़ों से वातावरण में क्या -क्या होता है ?

(5) हमारे मित्र कौन हैं ?

प्रश्न - 26 " मेरी मां " विषय पर निबंध लिखिए? 5

2024HND105183